बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग
संख्या–03 / बजट–01–71 / 2026 / ..... / आ0प्र0

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

पटना–23, दिनांक–

विषयः–वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय शीर्ष–2245–02–106–0001–क्षतिग्रस्त सड़कों–पुलों की मरम्मत एवं प्रत्यास्थापन के अन्तर्गत कुल रु० 2621.94 लाख (छब्बीस करोड़ इक्कीस लाख चौरानवे हजार रुपये) मात्र आवंटन की स्वीकृति।

आदेशः–स्वीकृत ।

2. इस राशि का व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मुख्य शीर्ष–2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत, उपमुख्य शीर्ष–02–बाढ़, चक्रवात आदि, लघुशीर्ष–106–खराब सड़कें तथा पुलों की मरम्मत तथा पुनः स्थापना, उपशीर्ष–0001–क्षतिग्रस्त सड़कों–पुलों की मरम्मत एवं प्रत्यास्थापन, मांग संख्या–39, विपत्र कोड–39–2245021060001 में विषय शीर्ष–27 02–अनुरक्षण एवं मरम्मत के अन्तर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

3. पूर्व / वर्तमान आवंटित राशि की विवरणी निम्न प्रकार है : –

(राशि लाख रुपये में)

क्र०	विभाग	पूर्व आवंटन (वित्तीय वर्ष 2026–27)	वर्तमान आवंटन (वित्तीय वर्ष 2026–27)	आवंटन का योग (वित्तीय वर्ष 2026–27)
1.	2.	3	4	5
1	ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार	0.00 (शून्य)	2621.94 (छब्बीस करोड़ इक्कीस लाख चौरानवे हजार रुपये)	2621.94 (छब्बीस करोड़ इक्कीस लाख चौरानवे हजार रुपये)

4. उक्त आवंटन से अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–316 / अनु० दिनांक–09.11.2026 द्वारा की गई अधियाचना तथा ***विभागीय पत्रांक–6304 / आ0प्र0 दिनांक–31.12.2022 द्वारा संसूचित साहाय्य मानदर की कंडिका 11 (1) के आलोक में बाढ़ से क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों / पुलिया वाले गाँव की सड़कों की मरम्मति हेतु व्यय किया जाएगा।***

5. **आवंटित की गई राशि की निकासी Fully Vouched Bill के माध्यम से की जाएगी।**

6. यह आवंटन आदेश वित्त विभाग के ज्ञापांक 2561वि0 (2), दिनांक–17.4.98 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

7. प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर विभागीय प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0 / –
(मो० नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी)
अपर सचिव

ज्ञापांक–03 / बजट–01–71 / 2026 / 232 / आ0प्र0, पटना–23 दिनांक– 10.11.2026

प्रतिलिपि–

1. वित्त विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
2. कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–316 / अनु० दिनांक–29.10.2026 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. माननीय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
6. प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
7. आई0टी0 मैनेजर / प्रोग्रामर, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार को विभागीय Web Site पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
8. श्री अमन कुमार, प्रोग्रामर, राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र, पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/11

अपर सचिव